नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 122/2021
Dt- 11-03-2021

प्रधान सचिव,
आपदा प्रबंधन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः— **मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर में 2019 में आयी प्रलयंकारी बाढ़ में ध्वस्त एवं क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों के निर्माण के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर में तीन प्रखंड यथा झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर समाहित हैं। वैसे तो पूरा मधुबनी जिला बाढ़ प्रवन्न क्षेत्र है, लेकिन झंझारपुर अनुमंडल में 2019 में आयी प्रलयंकारी बाढ़ ने भयंकर तबाही मचायी थी। इसका नतीजा हुआ कि यहाँ की ग्रामीण सड़कें ध्वस्त एवं क्षतिग्रस्त हो गई। इन सड़कों के जीर्णोद्धार/मरम्मति कार्य नहीं होने से आवागमन का मार्ग अवरूद्ध हो गया और आमजनों की परेशानी बढ़ गयी है।

ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इन क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मति कार्य हेतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति आज भी ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

अतः अनुरोध है कि 2019 के बाढ़ में झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर प्रखंड के क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक निर्देश देना चाहेंगे।

12/3/21

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
11·3·21
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in